# Indian Economy Mains Practice Questions

## भारत की कृषि विपणन प्रणाली

1. यह कहना कहां तक उचित है कि भारत में अकुशल कृषि विपणन प्रणाली के कारण न केवल किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य नहीं मिल पाया है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य मुद्रास्फीति का सामना भी करना पड़ रहा है।
2. एक कुशल कृषि विपणन प्रणाली की मुख्य विशेषताएं बताईये। इन विशेषताओं को सुनिशिचत करने के लिए कौन-सी बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।
3. Multiple Point Levy of Market Fees से आप क्या समझते हैं? क्या भारत में इसके कारण कृषि बाजार का विखंडन हो रहा है? E-NAM इस समस्या का समाधान किस प्रकार प्रस्तुत करता हैं?
4. कृषि वस्तुओं के राष्ट्रीय साझा बाजार से आप क्या समझते हैं? कौन-से कारक भारत में इस बाजार के निर्माण में बाधक हैं?
5. E-Trading से आप क्या समझते हैं? भारत में किसान इसका किस प्रकार लाभ उठा सकते हैं?
6. State APMC Act की मुख्य समस्याओं के बारे में बताइये। Model APLM Act.2017 इन समस्याओं को किस प्रकार दूर करता हैं?
7. प्रत्यक्ष विपणन से आप क्या समझते हैं? भारत के किसान इससे किस प्रकार लाभान्वित हो सकते हैं?
8. संविदा कृषि से आप क्या समझते हैं? खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और किसानों के लिए इसका क्या महत्व है?

## पशुपालन का अर्थशास्त्र

9. समन्वित ग्रामीण विकास से आप क्या समझते हैं? इस संदर्भ में पशुपालन की क्या भूमिका है?
10. रोजगार और सामाजिक न्याय के लिए पशुपालन की भूमिका बताईये। भारत में किस प्रकार पशुपालन का विकास किया जा सकता है?
11. CPRs से आप क्या समझते हैं? आपके अनुसार पशुपालन के विकास के लिए इनका संरक्षण क्यों जरूरी है? इस संदर्भ में पंचायती राज संस्थाओं की क्या भूमिका है?
12. विस्तार सेवाओं से आप क्या समझते हैं? कृषि और पशुपालन के विकास में इनकी क्या भूमिका है?
13. भारतीय अर्थव्यवस्था में पशुपालन का क्या योगदान है? उन कारणों को स्पष्ट करें जिनके चलते पशुपालन क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली

14. PDS से आप क्या समझते हैं? पोषण की सुरक्षा, आवश्यक वस्तुओं के सामाजिक वितरण तथा खुले बाजार पर नियंत्रण में इसकी क्या भूमिका हैं?
15. PDS में रिसाव की समस्या पर टिप्पणी करें क्या इसे रोकने के लिए Cash Transfer को लागू किया जा सकता हैं?
16. CT और CCT में क्या अंतर है? भारत में PDS सुधारों के लिए किसे लागू किया जाना चाहिए?
17. इस कथन का विश्लेषण कीजिए कि Cash Transfer is faster, Predictable and Less Corrupt.
18. भारत में PDS में CT को लागू करने का तर्काधार क्या हैं? आपके अनुसार इसे लागू करने के मार्ग में मुख्य चुनौतियां कौन-सी हैं?
19. विनिजीकरण से आप क्या समझते हैं? क्या PDS सुधारों के लिए इसे लागू किया जा सकता हैं?
20. क्या भारत में PDS सुधारों के लिए निजी क्षेत्र की कोई भूमिका हो सकती है? इस संदर्भ में राजस्थान सरकार के PPP Model का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
21. यह कहना कहां तक उचित है कि PDS सुधारों के लिए राज्य सरकारें उत्तरदायी हैं। इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ मॉडल की कौन-सी विशेषताएं अन्य राज्यों के लिए मार्गदर्शन का काम कर रही हैं?

22. PDS के सुधारों में IT की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
23. BAPU से आप क्या समझते हैं? यह विवादास्पद क्यों है?

## खाद्य-प्रसंस्करण उद्योग

24. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की भारत में विकास की क्या संभावनाएं हैं? कृषि के वाणिज्यीकरण , फसल विवधीकरण तथा किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने में इसकी क्या भूमिका है?
25. उन कारणों का विश्लेषण कीजिए जो खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास के मार्ग में एक बाधा के रूप में कार्य कर रहे हैं।
26. मेगा Food Parks के बारे में बताइये खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास के लिए इनकी आवश्यकताओं पर टिप्पणी कीजिए।
27. अपस्ट्रीम और डाऊनस्ट्रीम SCM से क्या समझते हैं? खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट कीजिए।
28. क्या State APMC Act खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए अपस्ट्रीम आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के मार्ग में बाधाएं उत्पन्न करता हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
29. Super Market और E-Commerce की कार्य -प्रणाली में क्या अंतर है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के डाऊनस्ट्रीम आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में इनकी क्या भूमिका है। भारत का व्यापारी वर्ग इनमें होने वाले FDI का विरोध क्यों करता है?
30. Farm to Fork से आप क्या समझते हैं? भारत में इस Value Chain की कार्यकुशलता को कौन-से कारक प्रभावित कर रहे हैं?
31. SCM से आप क्या समझते हैं आपके अनुसार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के SCM में किस प्रकार सुधार किया जा सकता है?

## सरकारी बजट

32. बजट से आप क्या समझते हैं ? किसी देश के आर्थिक विकास में इसकी क्या भूमिका है?
33. हीनार्थ प्रबंधन से आप क्या समझते हैं? क्या भारत जैसे राष्ट्रों के आर्थिक विकास के लिए इस नीति को लागू किया जा सकता है?
34. राजकोषीय घाटे और बजट घाटे में क्या अंतर हैं, राजकोषीय पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के निर्धारण में इनकी भूमिकाओं का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
35. इस कथन का विश्लेषण करें कि राजकोषीय क्षेत्र में जवाबदेही व उत्तरदायित्व बजटिंग के प्रारूप पर निर्णायक रूप से निर्भर करता है।
36. इन कथन का परीक्षण कीजिए की कुछ निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए केवल खर्च करने से काम नहीं चलेगा, यह भी देखना होगा कि खर्चों का परिणाम क्या होगा?
37. भारत में लागू की गई Outcome Budgeting का संक्षिप्त परिचय दीजिए। क्या इससे विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के Governance में सुधार होगा। तर्क सहित उत्तर दीजिए।
38. Gender Budgeting से आप क्या समझते हैं? बजट के जेन्डर न्यूट्रल होने के बावजूद जेंडर वजटिंग की आवश्यकता क्यों है?

## अवसंरचना

39. इन्फ्रा से आप क्या समझते है? किसी भी देश के आर्थिक विकास में इसकी क्या भूमिका है?
40. क्या Infra गरीबी निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है, अपने पक्ष की पुष्टि में पर्याप्त तर्क दीजिए।
41. VGF से आप क्या समझते हैं? इसे उपलब्ध करवाते समय किन बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए? यह विवादों में क्यों रहती है?
42. भारत में Infra विकास में PPP Model का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।
43. Hybrid Annity Model से आप क्या समझते हैं? यह किस प्रकार PPP Model की कमियों को दूर करता हैं।
44. निवेश से आप क्या समझते हैं? किसी अर्थव्यवस्था के विकास में इसकी क्या भूमिका होती है।

## निवेश मॉडल गरीबी

45. पूंजी निर्गत अनुपात से आप क्या समझते हैं? यह पूंजी की उत्पादकता को किस प्रकार प्रभावित करता है?
46. क्या बचत की उच्च दर GDP की उच्च वृद्धि दर में हमेंशा परिणत होती है? अपने पक्ष की पुष्टि में पर्याप्त तर्क दीजिए।
47. हैरेड-डॉमर मॉडल का संक्षिप्त परिचय दीजिए भारत में इसकी प्रासंगिकता का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
48. Wage Goods Model से आप क्या समझते हैं? भारत में समावेशी विकास, जनता के पोषण की सुरक्षा और रोजगार संवर्धन की दृष्टि से इसकी भूमिका का परीक्षण कीजिए।

## आर्थिक उदारीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव

1. आर्थिक उदारीकरण से आप क्या समझते हैं? भारत में उदारीकरण की आवश्यकता क्यों हैं?
2. FDI से आप क्या समझते हैं? भारत में इसकी आवश्यकता पर टिप्पणी करें।
3. भारत और चीन के FDI स्तर की तुलना कीजिये। भारत किस प्रकार FDI के स्तर को बढ़ा सकता हैं?
4. Outward FDI से आप क्या समझते हैं? इस संदर्भ में भारत की स्थिति क्या हैं? भारत को इससे क्या लाभ हैं?
5. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से आप क्या समझते हैं? भारत में इसकी प्रासंगिकता पर टिप्पणी करें।
6. Currency Manipulations से आप क्या समझते हैं? अमेरिका जैसे विकसित राष्ट्र किस प्रकार इसके माध्यम से संरक्षणवाद लागू करते हैं?

## औद्योगिक नीति में परिवर्तन और औद्योगिक विकास पर उसका प्रभाव

1. नई औद्योगिक नीति में नया क्या हैं? इसकी कुछ मुख्य विशेषताएं बताइये।
2. उन कारणों का विश्लेषण करें जिनके चलते भारत में उत्तर उदारीकरण काल में औद्योगिक विकास दर का निष्पादन आशाओं के अनुरूप नहीं रहा।
3. आपके अनुसार भारत में औद्योगिक विकास दर को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा सकता हैं?

## गरीबी (Poverty)

1. क्या यह कहा जा सकता है कि गरीबी आर्थिक के साथ-साथ एक सामाजिक स्थिति भी हैं?
2. प्रो. अमर्त्य सेन द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर क्यों दिया गया?
3. इस कथन का विश्लेषण करें कि क्षमताओं का अभाव गरीबी है।
4. इस कथन का विश्लेषण करें कि हमें सदैव ही गरीबी के साथ रहना होगा।
5. क्या यह कहा जा सकता है कि भारत में गरीबी को मापने में गरीबी रही है।
6. ट्रिकल डाऊन से आप क्या समझते हैं? भारत में इसके विफल होने के कारणों पर चर्चा कीजिए।
7. भारत में किस प्रकार गरीबी को कम किया जा सकता है?

## बेरोजगारी (Unemployment)

1. क्या भारत में जननांकीय लाभांश की स्थिति है? क्या कारण है कि भारत इस स्थिति का लाभ नहीं उठा पा रहा है?
2. छिपी बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? कौन-से कारण इसे भारत में बढ़ावा दे रहे हैं? इसे किस प्रकार दूर किया जा सकता है?
3. क्या भारत में रोजगार -विहीन संवृद्धि है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
4. श्रम बाजार के अनौपचीरीकरण से आप क्या समझते हैं? भूमंडलीकरण इसे किस प्रकार बढ़ावा दे रहा है?
5. भारत में किस प्रकार रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित किये जा सकते हैं?

## समावेशी विकास (Inclusive Development)

1. समावेशी विकास को समझाइये। विकास के टिकाऊपन में इसकी क्या भूमिका है?
2. क्या भारत में समावेशी विकास नहीं हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
3. वित्तीयन समावेशन से आप क्या समझते हैं? समावेशी विकास में इसकी क्या भूमिका है?
4. समावेशी विकास में शिक्षा और स्वास्थ्य की भूमिका बताइये।
5. राजकोषीय नीति से आप क्या समझते हैं? समावेशी विकास के लिए इसका प्रारूप कैसा होना चाहिए।

## भारतीय आयोजन के लिए संसाधन जुटाव

1. क्या भारत में आयोजन प्रासंगिक नहीं रहा है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
2. नीति आयोग और पूर्व योजना आयोग की कार्य प्रणालियों में अंतर बताइये।
3. भारत में आयोजन के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने की उपयुक्त रणनीति बताइये।

## आर्थिक उदारीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव

1. खाद्य सुरक्षा से आप क्या समझते हैं? भारत की खाद्य सुरक्षा की स्थिति बताइये।
2. ग्लोबल हंगर इंडेक्स से आप समझते हैं। इस संदर्भ में भारत की स्थिति पर टिप्पणी करें।
3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का आलोचनात्मक परीक्षण करें।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR